ont>

Title: Need to release adequate funds for repair of National Highway No. 101 between Chhapra and Mohammadpur, Bihar.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : महोदय, विगत वर्ा बिहार में आई बाढ़ से अन्य जिलों के साथ-साथ मेरा संसदीय क्षेत्र भी जलमग्न रहा। बाढ़ की िवभीाका के कारण छपरा-मुहम्मदपुर मार्ग जो राट्रीय राजमार्ग संख्या 101 है, बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वर्तमान में सड़क के नाम पर अवशेा भर रह गया है। राजमार्ग संख्या 101 दो राट्रीय राजमार्गों को जोड़ने के साथ-साथ व्यापारिक दृटिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। राट्रीय राजमार्ग होने से इसकी मरम्मती और निर्माण कार्य भी पूर्णतः केन्द्रीय अनुदान से ही होगा। इसमें प्रथम किस्त की राशि मुक्त भी हो चुकी है परन्तु अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ है।

साथ ही सी.आर.एफ. योजना के अंतर्गत खैरा से सतरघाट पथ में मात्र 20 कि.मी. की प्रशासनिक स्वीकृति के पश्चात् 12.5 कि.मी. कार्य कराने हेतु 1.70 लाख रुपया मुक्त किया गया है, जबकि पथ की लंबाई 36.2 कि.मी. है।

आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूँ कि राट्रीय राजमार्ग संख्या 101 में दिये गये प्रथम किस्त की राशि का कार्य शीघ्र कराने हेतु राज्य सरकार को निर्देश दें तथा बाकी राशि शीघ्र मुक्त करें एवं सी.आर.एफ. योजना अंतर्गत छतरा सतरघाट पथ के निर्माण हेतु राज्य सरकार से 36.2 कि.मी. पथ का प्राक्कलन मंगवाकर प्र ाशासनिक स्वीकृति देते हुए शेा राशि मुक्त करें। साथ ही बिहार में सड़क योजना की निविदा केन्द्र सरकार स्वयं निकालकर पथ बनाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करे।